Ro 4325/6865 R.D 29/10/2025

**श्रीमती जे0 प्रियदर्शनी, भा0प्र0से0, निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक 10.10.2025 को पटना, भोजपुर, मुजफ्फरपुर, सिवान, गया, वैशाली, नवादा, औरंगाबाद, एवं मधुबनी जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारियों के साथ की गई विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

**उपस्थितिः–** यथा संधारित।

दिनांक 10.10.2025 को श्रीमती जे0 प्रियदर्शिनी, भा0प्र0से0, निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप एवं निदेशालय के पदाधिकारियों की उपस्थिति में विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अंतर्गत द्वितीय चरण संचालित जिले यथा– **पटना, भोजपुर, मुजफ्फरपुर, सिवान, गया, वैशाली, नवादा, औरंगाबाद, एवं मधुबनी** के बन्दोबस्त पदाधिकारियों के साथ राज्य में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के प्रगति को समीक्षा की गई।

उक्त समीक्षात्मक बैठक में संबंधित जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की प्रगति निम्नवत पाई गई:–

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | कुल अंचल की संख्या | कुल राजस्व ग्रामों की संख्या | कुल सर्वे प्रारंभ होने वाले राजस्व ग्रामों की संख्या | प्रपत्र—1 की स्थिति | | ग्राम सभा कैलेण्डर की स्थिति | | | स्वघोषणा की स्थिति | | | | | भू—सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में प्रपत्र—5 में प्रविष्टि की स्थिति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र—1 में उद्घोषणा किया गया | कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र—1 भू—सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में Upload किया गया | कैलेण्डर के अनुसार कुल ग्राम सभा की संख्या | सम्पन्न हुए कुल ग्राम सभा की संख्या | अपलोडेड ग्राम सभा की संख्या | रैयत द्वारा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कराये गये स्वघोषणा की संख्या | रैयत द्वारा ऑफलाइन के माध्यम से शिविर में उपलब्ध कराये कुल स्वघोषणा की संख्या | शिविर स्तर पर ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त स्वघोषणा में से अपलोड किये गये स्वघोषणा की संख्या | शिविर स्तर पर ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त स्वघोषणा की संख्या जिसे अपलोड नहीं किया गया है। (15-16) | शिविर में ऑन लाईन एवं ऑफलाईन अपलोडेड कुल स्वघोषणा की संख्या (14+16) | राजस्व ग्राम का प्रपत्र—5 में प्रविष्टि का कार्य प्रारम्भ किया गया | कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र—5 में प्रविष्टि पूर्ण किया गया है। | कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र—5 में प्रविष्टि अपूर्ण है। | विशेष सर्वेक्षण अमीन की संख्या |
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 01. | पटना | 23 | 1511 | 1300 | 1300 | 1300 | 1300 | 1300 | 1300 | 713611 | 325432 | 324768 | 694 | 1039043 | 1297 | 1297 | 03 | 323 |
| 02. | भोजपुर | 14 | 1159 | 1159 | 1159 | 1159 | 1159 | 1159 | 1159 | 1408558 | 282108 | 281848 | 260 | 1690666 | 1158 | 1089 | 70 | 239 |
| 03. | मुजफ्फरपुर | 16 | 1827 | 1719 | 1719 | 1709 | 1719 | 1719 | 1719 | 1090076 | 877589 | 875066 | 2523 | 1967665 | 1719 | 1719 | 0 | 356 |
| 04. | सिवान | – | – | – | – | – | – | – | – | 691712 | 116639 | 116431 | – | 808143 | – | 1426 | – | – |
| 05. | गया जी | 24 | 2921 | 2820 | 2751 | 2820 | 2820 | 2820 | 2751 | 2746684 | 1098319 | 1059654 | 38665 | 3806338 | 2820 | 2794 | 26 | 466 |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 06. | वैशाली | 16 | 1582 | 1503 | 1503 | 1503 | 1503 | 1503 | 1503 | 157885 | 481919 | 481854 | 65 | 639804 | 1503 | 1503 | 0 | 324 |
| 07. | नवादा | 14 | 1099 | 1060 | 1060 | 1060 | 1060 | 1060 | 1060 | 510407 | 85055 | 81672 | 3383 | 592079 | 1040 | 923 | 137 | 233 |
| 08. | औरंगाबाद | 11 | 1884 | 1846 | 1846 | 1841 | 1846 | 1846 | 1838 | 233707 | 670773 | 664568 | 6205 | 898275 | 1840 | 1838 | 08 | 316 |
| 09. | मधुबनी | 21 | 1115 | 1081 | 1081 | 1081 | 1081 | 1081 | 1078 | 150469 | 216423 | 215589 | 834 | 1717892 | 972 | 908 | 173 | 135 |

1. समीक्षा के क्रम में पाया गया कि औरंगाबाद जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यों में अब तक 1846 राजस्व ग्रामों में से 1841 राजस्व ग्रामों का प्रपत्र–01 भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में अपलोड किया गया है। इस संबंध में पृच्छा करने पर संबंधित द्वारा बताया गया कि उक्त 05 राजस्व ग्राम नगर परिषद क्षेत्र अन्तर्गत आता है।

उक्त के आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर परिषद क्षेत्र में उक्त राजस्व ग्रामों के रहने के स्थिति में उद्घोषणा किस परिस्थिति में किये जाने संबंधित पृच्छा पर संबंधित द्वारा पुनः जाँच कर प्रतिवेदन निदेशालय को समर्पित किये जाने हेतु अनुरोध किया गया।

इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा भविष्य में निदेशालय को समर्पित किये जाने वाले प्रतिवेदनों को अपने स्तर से पूर्णतः आश्वस्त होने के उपरांत ही समर्पित करने का निदेश दिया गया। प्रतिवेदन निदेशालय का समर्पित करने का पूर्व जाँच करने संबंधित निदेश का अनुपालन सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार द्वारा सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालनः– सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार)**

2. समीक्षा के क्रम में औरंगाबाद जिला द्वारा अब तक संपन्न 08 राजस्व ग्राम का ग्राम सभा भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में अपलोड हेतु लंबित पाये जाने पर संबंधित द्वारा उक्त राजस्व ग्रामों को संबंधित साफ्टवेयर में टैग नहीं रहने के कारण भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में राजस्व ग्राम सभा अपलोडिंग एवं प्रपत्र–05 की प्रविष्टि कार्य लंबित रहना प्रतिवेदित किया गया।

इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेशालय में पदस्थापित जिले के नोडल पदाधिकारी को आगामी 03 से 04 कार्य दिवस में उक्त कार्य संपादित कराने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालनः– औरंगाबाद जिले के नोडल पदाधिकारी)**

3. समीक्षा के क्रम में भोजपुर जिलों द्वारा अब तक भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में शिविर स्तर पर ऑफलाईन माध्यम से प्राप्त 260 स्वघोषणा प्रपत्र तथा 70 राजस्व ग्रामों का प्रपत्र–05 में प्रविष्टि अपूर्ण पाये जाने के संबंध में पृच्छा किये जाने पर संबंधित द्वारा बताया गया कि विशेष सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा हड़ताल पर जाने के कारण उक्त कार्य लंबित है तथा वर्त्तमान में संबंधित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों का लॉगिन आई0डी0 भी बन्द है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा संबंधित विशेष विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के लॉगिन खोलने के पश्चात 01 सप्ताह के अन्दर उक्त कार्य निष्पादित करवाने का निदेश संबंधित को दिया गया।

**(अनुपालनः– बन्दोबस्त पदाधिकारी, भोजपुर)**

4. समीक्षा के क्रम में पाया गया कि गया जी जिला द्वारा भू–सर्वेक्षण कार्यक्रम के तहत भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में अब तक 26 राजस्व ग्रामों की प्रविष्टि अपूर्ण है। इस संबंध में पृच्छा करने पर बन्दोबस्त पदाधिकारी, गया जी द्वारा बताया गया कि उक्त राजस्व ग्रामों का खतियान उपलब्ध नहीं है। जिसकी वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेशालय द्वारा पूर्व में निर्गत खतियान अनुपलब्धता की स्थिति में किये जाने वाले कार्य/निदेश के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई करने तथा उक्त राजस्व ग्रामों के ग्राम अभिलेख में भी उक्त आश्य की प्रविष्टि करने का निदेश दिया गया।

अन्यत्र जिला जहाँ उपरोक्त समस्या आ रही है, वो भी संबंधित उपरोक्त निदेश का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।

**(अनुपालनः– सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार)**

5. समीक्षा के क्रम में बन्दोबस्त पदाधिकारी, गया जी, मधुबनी आदि द्वारा भू–सर्वेक्षण पोर्टल में राजस्व ग्राम टैग, राजस्व ग्राम प्रदर्शित नहीं होने, स्थानांन्तरित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों का नाम पूर्ववत जिला में प्रदर्शित होने आदि तकनीकी समस्याओं से अवगत कराया गया। इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा आगामी सप्ताह में द्वितीय चरण संचालित जिलों में पाये जाने वाले तकनीकी समस्याओं को निराकरण हेतु रोस्टर तैयार कर उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालनः– श्री पंकज कुमार, अनुदेशक, RSTI, शास्त्रीनगर, पटना)**

6. समीक्षा के क्रम में बन्दोबस्त पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर द्वारा भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में विशेष सर्वेक्षण अमीनों द्वारा किये गये डाटा इन्ट्री कार्य को प्रदर्शित करने का विकल्प उपलब्ध करने का अनुरोध किया गया ताकि बन्दोबस्त कार्यालय स्तर से उक्त कार्यों का अनुश्रवण एवं समीक्षा करने में सुविधा हो सके।

इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेशालय के प्रोग्रामर को उक्त सुविधा यथाशीघ्र भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में देने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालनः– प्रभारी, आई0टी0 सेल/श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर, आई0टी0 सेल)**

7. समीक्षा के क्रम में बन्दोबस्त कार्यालय, सीवान द्वारा जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन ससमय/अपूर्ण उपलब्ध कराये जाने के कारण जिलों से प्राप्त प्रतिवेदनों को ससमय समेकित करने में समस्या आने की सूचना दी गई।

इस संबंध में पृच्छा करने पर बन्दोबस्त पदाधिकारी, सीवान द्वारा कार्यालय में नियमित सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी के पदस्थापन नहीं रहने के कारण उक्त विलंब होना बताया गया।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा बन्दोबस्त पदाधिकारी, सीवान को इस संबंध में निदेशालय को पत्र के माध्यम से प्रतिवेदित करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालनः– बन्दोबस्त पदाधिकारी, सीवान)**

तत्पश्चात जिलों में विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत संबंधित हवाई सर्वेक्षण एजेंसी से संबंधित किये जा रहे कार्यों की स्थिति निम्नवत प्रतिवेदित की गईः–

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | सर्वे किये जाने वाले कुल राजस्व ग्रामों की सं0 | संबंधित हवाई सर्वेक्षण एजेंसी का नाम | जिला में एजेंसी के कार्यालय की उपलब्धता (हाँ/नहीं) | जिला में एजेंसी के कार्यालय में कर्मी की सं0 | कार्यरत ई0टी0 एस0 मशीन की सं0 | त्रिसीमाना /ग्राम सीमा सत्यापन पूर्ण राजस्व ग्रामों की सं0 | सर्वे किये जाने वाले राजस्व ग्रामों की सं0, जिनका सर्वेक्षण मानचित्र हवाई सर्वेक्षण एजेंसी से प्राप्त है। | सर्वे किये जाने वाले राजस्व ग्रामों की सं0, जिनका प्रारंभिक विशेष सर्वेक्षण मानचित्र हवाई सर्वेक्षण एजेंसी से अप्राप्त है। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | पटना | 1300 | ARHAS | हाँ | 06 | 03 | 31 | 1278 | 22 |
| 02. | भोजपुर | 1159 | ARHAS | हाँ | 01 | 01 | 71/11 | 1147 | 12 |
| 03. | मुजफ्फरपुर | 1719 | IIC | हाँ | 07 | 03 | 306/306 | 1719 | 0 |
| 04. | सिवान | | ARHAS | हाँ | 04 | 02 | 47 | | |
| 05. | गया | 2820 | IIC | हाँ | 09 | 04 | 170 | 2820 | 0 |
| 06. | वैशाली | 1503 | IIC | हाँ | 05 | 05 | 333 | 1492 | 11 |
| 07. | नवादा | 1060 | GISC | हाँ | 02 | 01 | 13/0 | 344 | 716 |
| 08. | औरंगाबाद | 1846 | IIC | हाँ | 05 | 03 | 148/131 | 989 | 857 |
| 09. | मधुबनी | 1081 | ARHAS | हाँ | 0 | 0 | 0 | 403 | 878 |

1. उपरोक्त प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि सभी संबंधित हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा जिलों में प्रर्याप्त ई0टी0एस0 मशीन एवं संबंधित कार्यरत मानव बल उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिसके कारण विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत त्रिसीमाना, ग्राम सीमा सत्यापन आदि प्रक्रम के क्रियान्वयन में विलंब हो रही है।

इस संबंध में उपस्थित हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा संतोषजनक उत्तर ना देकर कई जिलों में बाढ़, राजस्व महाअभियान, विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के हड़ताल आदि का बहाना बनाकर मात्र बरगलाने का प्रयास किया जा रहा है, जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा रोष प्रकट करते हुए प्रत्येक दशा में द्वितीय चरण संचालित सभी जिलों को तत्काल प्रति अंचल 01 ई0टी0 मशीन एवं आवश्यक कार्यबल उपलब्ध कराने का निदेश सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के प्रतिनिधियों को दिया गया।

**(अनुपालनः– सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसी)**

2. समीक्षा के क्रम में अब तक संबंधित हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा प्रारंभिक विशेष सर्वेक्षण मानचित्र लंबित पाये जाने पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा खेद प्रकट कर प्रत्येक दशा में लंबित विशेष सर्वेक्षण मानचित्र को संबंधित जिले में 15 दिनों के अन्दर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार को निदेश दिया जाता है कि उनके जिले से संबंधित हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा यदि निदेशालय से किये गये एकारनामा के अनुरूप निर्धारित समय–सीमा में निर्धारित कार्य नहीं किया जाता है तो एकरारनामा में निहित प्रावधानों के तहत हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को देय विपत्र में से कटौती का प्रस्ताव निदेशालय में समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

**(अनुपालनः– सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार)**

3. उपरोक्त से स्वतः स्पष्ट है कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा कार्यको गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

उक्त के आलोक में सभी जिलों में ई0टी0एस0 मशीन एवं संबंधित मानव बल मानचित्र आपूर्ति आदि हेतु सभी हवाई सर्वेक्षण के मुख्य प्रबंधक के साथ बैठक में आयोजित करने हेतु प्रस्ताव उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालनः– संबंधित प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना)**

4. हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा अबतक जिलों को आपूर्ति हेतु लंबित मानचित्रों का समेकित प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी के समक्ष यथाशीघ्र उपस्थापित करने हेतु श्री पंकज कुमार, अनुदेशक को निदेश दिया गया।

**(अनुपालनः– श्री पंकज कुमार, अनुदेशक, RSTI)**

5. समीक्षा के क्रम में बन्दोबस्त कार्यालयों एवं संबंधित हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के बीच सामंजस्य की कमी पाई गई।

इस संबंध में सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के प्रतिनिधियों को उनके जिले से संबंधित किसी भी विषय हेतु सीधे बन्दोबस्त पदाधिकारी से सम्पर्क करने का निदेश दिया गया एवं निदेशालय स्तर पर तीन वाह्टसअप ग्रुप सृजित करने का निदेश आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को दिया गया, जिसमें अधोहस्ताक्षरी के साथ हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के प्रतिनिधि, संबंधित एजेंसी को आवंटित सभी जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारी, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) एवं निदेशालय स्तर पर उक्त जिलों के नोडल पदाधिकारी उपलब्ध रहेंगे।

**(अनुपालनः– प्रभारी, आई0टी0 सेल/सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसी)**

**अन्यान्य विषयों पर की गई समीक्षा में निम्नांकित निदेश दिये गयेः–**

1. सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार अपने जिले में पदस्थापित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों का अवकाश, त्याग–पत्र, अनापत्ति प्रमाण–पत्र आदि लंबित मामलों का स्पष्ट अनुशंसा के साथ निर्धारित विहित प्रपत्र में 01 सप्ताह के अन्दर निदेशालय में समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

2. बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा दिनांक–09.10.2025 तक हड़ताली विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के संबंध में निम्नांकित प्रतिवेदन समर्पित किया गयाः–

| SL NO. | District | Total No. of SS Employees before the Strike (16.08.2025) | To. No. of SS Employees who did not go on the Strike | No. of SS Employees who were on the Strike and returned before 5:00 pm dt. 03.09.2025 and Joined | No. of SS Employees who Joined till now after the Appeal and the Order of Appeallate Authority |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Aurangabad | 372 | 15 | 56 | 286 |
| 2 | Bhojpur | 289 | 1 | 106 | 158 |
| 3 | Gaya | 561 | 0 | 147 | 404 |
| 4 | Madhubani | 185 | 0 | 8 | 173 |
| 5 | Muzaffarpur | 425 | 19 | 82 | 319 |
| 6 | Nawada | 294 | 4 | 76 | 206 |
| 7 | Patna | 425 | 50 | 111 | 258 |
| 8 | Siwan | 293 | 22 | 95 | 180 |
| 9 | Vaishali | 402 | 2 | 85 | 302 |

3. समीक्षा के क्रम में बन्दोबस्त पदाधिकारी, वैशाली जिले में विद्युत समस्याओं को देखते हुए सभी विशेष सर्वेक्षण शिविरों को 01 इन्वेटर बैट्री सहित उपलब्ध कराने की स्वीकृति देने हेतु अनुरोध किया गया।

इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार को विशेष सर्वेक्षण शिविरों को यदि इन्वर्टर बैट्री की आवश्यकता हो तो समीक्षा कर यथाशीघ्र प्रस्ताव पत्र के माध्यम से निदेशालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालनः– सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार)**

4. समीक्षा के क्रम में नवनियुक्त विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के EPF खाता खुलने की स्थिति की पृच्छा करने पर संबंधित बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि संबंधित पोर्टल (उमंग) पर सभी विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को खाता स्वयं खोलकर, सृजित EPF संख्या बन्दोबस्त कार्यालय को उपलब्ध कराये जाना है। तथा वर्त्तमान में नवपदस्थापित विशेष सर्वेक्षण कर्मी भी हड़ताल पर रहने के कारण लंबित रहना बताया गया।

वर्त्तमान में सभी विशेष सर्वेक्षण कर्मियों का हड़ताल से वापस आ गये है, उक्त परिस्थिति में सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार अपने जिले में पदस्थापित सभी विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को सृजित EPF संख्या 01 सप्ताह में कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु आदेश निर्गत कर कार्यालय में पदस्थापित किसी 01 कर्मी/ पदाधिकारी को उक्त कार्य के अनुश्रवण हेतु प्राधिकृत करने का निदेश दिया गया।

सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार इस कार्य को गंभीरता से लेकर यदि आवश्यक हो तो सभी संबंधित विशेष सर्वेक्षण कर्मी जिनका अब तक EPF खाता सृजित करना लंबित है, उन्हें कार्यालय में रोस्टरवार उपस्थित होकर उक्त खाता का सृजन करवा 15 दिनों के अन्दर उक्त कार्य का संपादन कर निदेशालय को सूचित करना सुनिश्चित करेंगे।

**(अनुपालनः– सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार)**

5. समीक्षा के क्रम में बन्दोबस्त पदाधिकारी, वैशाली द्वारा वाहन मद में आवंटन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी बन्दोबस्त, बिहार द्वारा आवश्यकतानुसार आवंटन अधियाचना पत्र के माध्यम से निदेशालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालनः– सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार/बजट शाखा, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

6. समीक्षा के क्रम में बन्दोबस्त पदाधिकारी, गया द्वारा उनके जिले में कार्यों के अधिकता तथा वर्त्तमान में पदस्थापित 01 डाटा इंट्री ऑपरेटर का प्रत्येक सप्ताह में 03 दिन राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया में प्रतिनियुक्त रहने तथा बन्दोबस्त पदाधिकारी, नवादा द्वारा उनके जिले में एक भी डाटा इंट्री ऑपरेटर पदस्थापित नहीं रहने की सूचना प्रदत्त करते हुए डाटा इंट्री ऑपरेटर की मांग की गई।

इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार को आवश्यकतानुसार डाटा इंट्री ऑपरेटर की अधियाचना 01 सप्ताह के अन्दर निदेशालय में समर्पित करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालनः– सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार/ स्थापना शाखा, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

7. निदेशालय के पूर्व में निर्गत स्थानांतरण आदेश के द्वारा स्थानांतरित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के अब तक नव पदस्थापन कार्यालय में योगदान हेतु की स्थिति की समीक्षा के क्रम में बन्दोबस्त पदाधिकारी, गया द्वारा 05 विशेष सर्वेक्षण कर्मियों, बन्दोबस्त पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर द्वारा 01 विशेष सर्वेक्षण कर्मी, बन्दोबस्त पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा 04 विशेष सर्वेक्षण कर्मी, बन्दोबस्त पदाधिकारी, नवादा द्वारा 02 विशेष सर्वेक्षण कर्मी तथा बन्दोबस्त पदाधिकारी, वैशाली द्वारा 01 नियमित राजस्व अधिकारी–सह–कानूनगो द्वारा अब तक योगदान समर्पित नहीं करने की सूचना दी गई।

उक्त के आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार को उनके जिले में अब तक वैसे स्थानान्नतरित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों/पदाधिकारी जिनके द्वारा योगदान लंबित है, के संबंध में 01 सप्ताह के अन्दर पत्र के माध्यम से समेकित विवरणी निदेशालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालनः– सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार/ स्थापना शाखा, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय/ )**

8. बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम का अवधि विस्तार जनवरी–2026 से किया जाना प्रस्तावित है।

उक्त हेतु सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार को निदेश दिया गया कि अपने–अपने जिलान्तर्गत विशेष सर्वेक्षण कार्यों को तत्परता के साथ अधिक से अधिक प्रगति लाने का प्रयास करें।

**(अनुपालनः– सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार/ स्थापना शाखा, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय निदेशालय में पदस्थापित संबंधी जिले के नोडल पदाधिकारी /सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के प्रतिनिधि)**

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

15/10

(जे0 प्रियदर्शिनी)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

**ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–10/2022** ....6865.... **पटना, दिनांकः** 29/10/2025

**प्रतिलिपि :** सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

15/10

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–10/2022** ....6865.... **पटना, दिनांकः** 29/10/2025

**प्रतिलिपि :** उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/विशेष कार्य पदाधिकारी/अवर सचिव/प्रशाखा पदाधिकारी/निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

15/10

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–10/2022 ....6885.... पटना, दिनांकः 29/10/2025
**प्रतिलिपि** : दीपक श्रीवास्तव, विशेषज्ञ सलाहकार,/प्रिंस कुमार/कुणाल किशोर, प्रोग्रामर/हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, ATPL, GISC, IIC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

15/10
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–10/2022 ....6885.... पटना, दिनांकः 29/10/2025
**प्रतिलिपि** : प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

15/10
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–10/2022 ....6885.... पटना, दिनांकः 29/10/2025
**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव/सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

15/10
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2025\AAkash\Proceeding\SO\Proceeding_10.10.2025_SO.docx

(2)